## एक नजर

### 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह

**रामगढ़।** सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल घाटोटांड़ परिसर में आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण से किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं तथा आमंत्रित कक्षा 10 वीं व 12 वीं की माताओं एवं अभिभावकों ने हवन कार्यक्रम में भाग लेते हुए हवन आहुति दिया। प्राचार्य एवं सभी वर्गाध्यापकों ने अपने कर कमलों से बच्चों को तिलक लगाकर आशीष दिया तथा अभिभावकों सहित सभी ने पुष्पवर्षा करते हुए हार्दिक आशीष दिया। बच्चों के उज्जवल भविष्य व सफलता की कामना के लिए लगभग 300 माताओं एवं अभिभावकों ने समारोह में भाग लिया।

### गिद्दी में खरवार भोक्ता समाज की हुई बैठक

**गिद्दी।** गिद्दी बस्ती टेहराटांड़ में बुधवार को खरवार भोक्ता समाज की बैठक हुई। बैठक में खरवार भोक्ता समाज के उत्थान को लेकर चर्चा की गई। साथ ही 28 मार्च को वीर शहीद नीलांबर-पितांगबर शाही भोक्ता का शहादत दिवस मनाने और गिद्दी बस्ती टेहराटांड़ मोड़ में वीर शहीद नीलांबर-पितांगबर के प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसे लेकर अगली बैठक 16 फरवरी को गिद्दी बस्ती टेहराटांड़ में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें समाज के सभी लोगों को उपस्थित रहने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू और संचालन प्रखंड सचिव गिरधारी गंझू ने की। जबकि बैठक में सैनाथ गंझू, दिनेश्वर गंझू, दुबराज गंझू, ननकू गंझू, गणेश गंझू, पुसन गंझू, राजेंद्र गंझू उपस्थित थे।

### स्कूल के कक्षा नौवीं की छात्राओं ने सेफ इंटरनेट दिवस में लिया भाग

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं की छात्राओं ने रामगढ़ के टाउनहॉल में सेफ इंटरनेट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार उपस्थित थे। सेफ इंटरनेट उपयोगकताओं, नागरिकों, राजकीय अधिकारियों को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, साइबर स्वच्छता, प्रमुख साइबर खतरों और प्रभावी शमन रणनीतियों के बारे में शिक्षित किया गया। विश्व सेफर इंटरनेट दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना था। साथ ही बताया गया कि सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग कैसे किया जाय, ताकि वह साइबर अपराध एवं फ्रॉड से स्वयं को सुरक्षित कैसे रख सके। विद्यालय की छात्राओं ने लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागृत किया।

# जयराम महतो वेतन का 75 प्रतिशत मैट्रिक और इंटर के टॉप 10 छात्र-छात्राओं को करेंगे दान : रमेश

❑ परीक्षा को बोझ समझने के बजाय एक त्योहार की तरह लें और पूरे उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो और डुमरी विधायक जयराम महतो ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में अपनी दो माह की वेतन का 75% दान करेंगे। यह बात बुधवार को जेएलकेएम के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने बतायी। उन्होंने बताया की विधायक जयराम महतो ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों से तनावमुक्त रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को बोझ समझने के बजाय एक त्योहार की तरह लें और पूरे उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने से सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फरवरी और मार्च में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं के दौरान उन्हें जो दो महीने की सैलरी मिलेगी, उसका 75% हिस्सा डुमरी के टॉप 10 छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाएगा। इस पहल को शिक्षा को प्रोत्साहित करने और मेधावी छात्रों की मदद के रूप में देखा जा रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने जयराम महतो के इस फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो की इस पहल पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा अपने जीवन में मैंने पहली बार ऐसा विधायक देखा है, जो अपनी सैलरी का इतना बड़ा हिस्सा छात्रों के लिए दान करने की घोषणा कर रहा है। यह दर्शाता है कि हमारे नेता की सोच दूरदर्शी और जनकल्याणकारी है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा एक ऐसा संगठन है, जो दबे-कुचले, पीड़ित, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने सभी समुदायों से एकजुट होकर अपने हक के लिए आवाज उठाने की अपील की और कहा कि झारखंड के विकास और बेहतर भविष्य के लिए जेएलकेएम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### लोग अब देसी कुत्तों को बना रहे हैं पालतू

# आवारा कुत्तों को बनाया जा रहा फैमिली मेंबर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आज के समय में कुत्ता पालना एक बड़ा शौक बनकर उभरा है. औसतन 100 घरों में से 20 घर ऐसे हैं, जहां लोगों ने अपने घरों में कुत्ता पाल रखा है. यह कहा जा सकता है कि डॉग लवर्स की संख्या बड़ी है. इसमें एक बदलाव भी देखने को मिल रहा है. कई लोग ऐसे हैं, जो देसी डॉग यानी स्ट्रीट डॉग पालना पसंद करते हैं. एक समय था, जब लोग महंगे कुत्ते पालना पसंद करते थे. समय बदलने के साथ ही स्ट्रीट डॉग लवर्स की संख्या भी बढ़ गई है. हाल के दिनों में देखा जाए, तो कई पेट लवर्स हैं, जो देसी डॉग यानी स्ट्रीट डॉग पालना पसंद करते हैं. डॉग लवर्स का यह भी कहना है कि घर के आसपास कई ऐसे कुत्ते होते हैं, जो लावारिस हालत में रहते हैं. जब वे पिल्लों को जन्म देते हैं, तो डॉग लवर्स का उन पिल्लों से जुड़ाव हो जाता है और उन्हें पालना शुरू कर देते हैं. उन्हें पालना भी आसान होता है और वे बहुत जल्द मिलनसार भी हो जाते हैं. यही वजह है कि लोग स्ट्रीट डॉग पालना पसंद करते हैं. उनका यह भी कहना है कि महंगी नस्ल के कुत्ते पालना थोड़ा मुश्किल होता है. उनका खान-पान, रहन-सहन, दवा-दारू बहुत महंगा होता है. इसके बावजूद लोग स्ट्रीट डॉग की ओर रुख कर रहे हैं. डॉक्टरों की मानें तो पहले की तुलना में स्ट्रीट डॉग पालने की परंपरा बढ़ी है.

## न्यूज | बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में मनाई गई संत रविदास जयंती



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को वंदना सभा मे संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और संदेशों का परिचय दिया । उन्होंने कहा कि संत रविदास जी हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं।संत रविदास ने हमें समाज में एकता, भाईचारा , सामाजिक सद्भावना, समानता और न्याय का जो सन्देश दिया है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए और देश में सामाजिक सद्भाव और विकास में अपना योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में आचार्य राकेश कुमार सहाय,इंद्रजीत सिंह,डॉ गायत्री पाठक,लोकेश कुमार,सेखर कुमार,श्वेता पंडा,रिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संत रविदास जयंती मनाई गई



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में संत रविदास जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई ' मौके पर ओमप्रकाश सिंहा, विभाग निरीक्षक, हजारीबाग विभाग, विद्यालय के प्रधानाचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता,ब्रजेश कुमार सिंह एवं विद्यालय की भैया- बहनों ने संत रविदास के छायाचित्र पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन करते हुए संत रविदास के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर विभाग निरीक्षक, ओमप्रकाश सिंहा ने भैया -बहनों को संबोधित करते हुए कहा संत रविदास एक पवित्र आचरण वाले व्यक्ति के साथ उनका व्यक्तित्व समता से ओतप्रोत था। छुआछूत, जाति भेदभाव से परे थे। मध्यकालीन भारत के वह बहुत बड़े संत थे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता, ब्रजेश कुमार सिंह ने संत रविदास जी की जीवनी बताते हुए भैया- बहनों से कहा आप सभी रविदास के विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करें। उनकी तरह मानवता एवं समरसता को अपने जीवन में उतारे एवं शुद्ध आचरण का पालन करें।

### कुंभ गए परिवार के घर चोरों ने डेढ़ लाख के जेवरात की चोरी की घटना को दिया अंजाम



**रामगढ़।** शहर के मुर्रामकला में एक परिवार कुंभ मेला गया था। परिवार के कुंभ जाने के बाद चोरों द्वारा उनके आवास में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। घटना को लेकर बताया गया कि घर के मालिक मिथलेश महतो के बंद घर से डेढ़ लाख के जेवरात और महत्पूर्ण दस्तावेज चोरी की गई है। घटना रात 11:00 बजे की है। घर के मालिक की मां सालाखों देवी ने बताया कि उन्होंने घर में कुछ आवाज सुना। जब दरवाजा खोला तब एक युवक जो 16-17 साल का था उसे भागते हुए देखा। बताया की चोर द्वारा अलमारी में रखा डेढ़ सौ ग्राम सोना, 100 ग्राम चांदी और जमीन के दस्तावेज चोरी कर लिया गया है। सालखों देवी ने बगल के मकान में रहने वाले अपने दूसरे बेटे किशोर महतो को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की।

### शिवपुर में मनाई गई संत रविदास की जयंती



**बरही ।** करियातपुर पंचायत के शिवपुर में संत रविदास की 648 वी जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि स्थानीय मुखिया मनोज कुमार शिरकत किए. कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ. जिसमें उपस्थित लोगो ने पुष्पांजलि के साथ संत रैदास का नमन किया. मुख्यातिथि ने संत रविदास के आदर्शो की चर्चा किया. उन्होंने कहा कि दलित और पिछड़े समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करने के लिए संत रविदास संकल्पित थे. इस कार्य में उन्हे कई समाजिक परेशानियां भी झेलने पड़े. पर उन्होंने कभी भी सिद्धांतो से समझौता नही किया, जिसके समाज में सकारात्मक परिणाम भी हुए. अंत में उन्होंने उनके आदर्शों का संक्षिप्त विवरण करते हुए लोगो से उसका अनुसरण करने, शिक्षित समाज बनाने आदि के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में युवा समाजसेवी नागेश्वर रजक ने भी संत शिरोमणि के आदर्शो का चर्चा करते हुए शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही. कार्यक्रम में पूरन राम, बिनोद कुमार, ब्रजेन्द्र रविदास, दिनेश कुमार, डोमन राम, धीरज कुमार, भोला रविदास, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, कारू राम, बंगाली राम, रुपलाल रविदास, सरिता कुमारी, सुनीता देवी, मीणा देवी, गुड़िया देवी, चमेली देवी, दिनेश रविदास, मनीष कुमार, राजकुमारी देवी आदि सहित कई स्थानीय शामिल थे.

### धनबाद पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** धनबाद और गोरहर पुलिस की मदद से एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि सुभाष नायक पिता गणेश नायक ग्राम बंडासिंगा ,पोस्ट बेलकपी, थाना गोरहर निवासी पर वारंट था। जिसको लेकर धनबाद पुलिस ने गोरहर थाना पुलिस की मदद से वारंटी को पकड़ा। जिसके बाद धनबाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

### संत रविदास के संदेश आज भी हैं प्रासंगिक, करें आत्मसात : विधायक



**बरही।** संत शिरोमणि रविदास के 648वें जयंती के अवसर पर बाराटांड, मलकोको आदि स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने शिरकत किया. संत रैदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया. इस क्रम में उन्होंने संत शिरोमणि के आदर्शो और संदेशों की चर्चा किया. उन्होंने कहा कि दलितों और पिछड़ों के उत्थान व कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने कई यातनाएं सही, पर अपने उद्देश्य से डिगे नहीं, जिसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और कई कुरीतियां दूर हुई. उन्होंने कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक है, को आत्मसात करने के योग्य है. अंत ने उन्होंने उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी. इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी, मुन्ना यादव, भूपेंद्र यादव, गुलाब दास, नागेश्वर रविदास, सोनू दास, शीतल कुमार आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### 'ये धरती हमारी' फिल्म 22 फरवरी को होगी रिलीज

# फिल्म झारखंड के संघर्षों की कहानी को बयां करती है : पूर्व सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड के ज्वलंत मुद्दों जल जंगल जमीन विषय पर आधारित फिल्म ₹ये धरती हमारी₹ जो आगामी 22 फरवरी को रिलीज हो रही है। यह फिल्म झारखंड के आठ सिनेमा घरों रांची, रामगढ़, हजारीबाग, देवघर, कोडरमा, धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो के सिनेमा घरों में दिखाई देने वाली है। उक्त बातों की जानकारी हजारीबाग परिसदन भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान फिल्म के निर्देशक, लेखक सह फिल्म के अभिनेता आर. नारायण मूर्ति ने दी। उन्होंने फिल्म के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह फिल्म झारखंड के आदिवासियों के संघर्ष और झारखंड के जल जंगल जमीन पर आधारित फिल्म है। तिरुमला तिरुपति वेंकटेश्वरा फिल्म के बैनर तले निमार्ता सीएच पद्मावती की यह फिल्म आगामी 22 फरवरी को झारखंड के आठ जिलों के सिनेमा घरों में दिखाई जाएगी। यह दो घंटों की हिंदी भाषी फिल्म है। जिसमें टीनू आनंद, पेन्टल, अली खान ने हम के किरदार का रोल निभाया है। फिल्म में अभिनेत्री का किरदार निशा प्रलोकर ने निभाई है। फिल्म के गीतकार उदित नारायण, कुमार सानू, विनोद राठौड़ और अलका याज्ञनिक हैं वहीं संगीत वंदे मातरम श्रीनिवास ने अदा किया है। फिल्म की सारी शूटिंग महाराष्ट्र में फिल्माई गई है। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया की फिल्म के डायरेक्टर उनके करीबी मित्र हैं और उनके इस फिल्म को लेकर वह काफी उत्साहित है क्योंकि यह फिल्म झारखंडियत और झारखंड के संघर्षों की कहानी को बयां करती है।

### स्कूल में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास की जयंती

**रामगढ़।** रामगढ़। वेस्ट बोकारो के ड्राईवरहाट स्थित डॉ बीआर अंबेडकर हाई स्कूल में बुधवार को संत रविदास जी की 627 वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टीएसएफ के यूनिट हेड आदित्य नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि के रुप में राकोमयू अध्यक्ष महेश प्रसाद, ओपी प्रभारी दीपक कुमार ने स्कूल परिसर में स्थापित संत रविदास मंदिर में पूजा अर्चना की और पुष्प अर्पित किया। इसके उपरांत अतिथियों ने संविधान निमार्ता के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर मौजूद राकोमयू के पूर्व मोहन महतो, विद्यालय के सचिव हीरा लाल, कोषाध्यक्ष शंभूनाथ राम, रामलखन विद्यार्थी, राजेश प्रसाद, राम नारायण, परमेश्वर राम, आदित्य कुमार, रामचंद्र राम के अलावे समाज के तमाम गणमान्य व्यक्ति एवं महिलाएं और बच्चों ने भी संत रविदास मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद पाया।

# संत रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिले में संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रविदासिया समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।शोभायात्रा संत गुरु रविदास नगर भवन से प्रारंभ होकर पूरे शहर में निकाली गई। रविदास जयंती की अध्यक्षता विनोद कुमार ने की जबकि मंच का संचालन मनीष कुमार ने की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद कुमार ने कहा कि हमलोगों को संत रविदास के बताए पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। जुलूस नगर भवन से गुरु गोविंद सिंह रोड़, मेन रोड, झंडा चौक, महावीर चौक, ग्वाल टोली चौक, जामा मस्जिद रोड़ होते हुए नगर भवन पहुंचा। जहां कार्यक्रम की समाप्ति की गई। मौके पर इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार,जिला उपाध्यक्ष सीताराम रविदास,महासचिव कीर्तन राम, विजय कुमार,सचिव युगेश्वर राम,नन्दु प्रसाद, प्रो भागवत अम्बेडकर, प्रदीप राम, केशव रविदास, जागेश्वर राम, सुशीला देवी,कंचन देवी, प्रमिला देवी सहित कई शामिल थे

# कश्मीर में हजारीबाग के जवान आईईडी धमाके में हुए शहीद

❑ कैप्टन करमजीत सिंह की पढ़ाई गुवाहाटी में हुई थी। वे 2023 में सेना में भर्ती हुए थे। परिजनों ने बताया कि कैप्टन करमजीत 16 जनवरी को एक हफ्ते की छुट्टी पर घर आए थे।



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में मंगलवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आईईडी धमाके में हजारीबाग के जुलू पार्क निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत (25) शहीद हो गए। घटना दोपहर करीब 3:50 बजे भट्टल इलाके में गश्त के दौरान हुई। धमाके में कैप्टन के अलावा दो जवान भी घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और नायक मुकेश ने दम तोड़ दिया। सेना की ओर से उनके पिता अजेंद्र सिंह को यह दुखद समाचार दिया गया। शहीद का पार्थिव शरीर आज सुबह 9 बजे हजारीबाग पहुंचेगा। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कैप्टन करमजीत की शादी तय हो चुकी थी। 5 अप्रैल को वे विवाह बंधन में बंधने वाले थे। कैप्टन करमजीत सिंह की पढ़ाई गुवाहाटी में हुई थी। वे 2023 में सेना में भर्ती हुए थे। परिजनों ने बताया कि कैप्टन करमजीत 16 जनवरी को एक हफ्ते की छुट्टी पर घर आए थे। इस दौरान वे परिवार में हुई शादी में शामिल हुए। अपनी भी शादी की तैयारियां कीं। 24 जनवरी को वे ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए जम्मू चले गए। कैप्टन करमजीत सिंह की 5 अप्रैल को शादी होने वाली थी।

### शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत पर सदर विधायक ने जताया गहरा शोक



**हजारीबाग।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए हजारीबाग के वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत की शहादत पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने बुधवार सुबह शहीद के निवास स्थान पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह क्षति केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे हजारीबाग और झारखंड की है। कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका अदम्य साहस और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत की खबर से पूरे हजारीबाग में गमगीन माहौल है। उनका परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। शादी की शहनाई बजने से पहले घर में मातम छा गया। विधायक ने कहा कि यह घटना हजारीबाग के हर नागरिक के लिए व्यक्तिगत क्षति जैसी है। विधायक ने कहा कि कैप्टन करमजीत की अंतिम यात्रा पूरे राजकीय सम्मान के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने हजारीबाग के सभी नागरिकों से अपील की वे बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार में शामिल होकर इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

### यज्ञ को लेकर किया गया भूमि पूजन



**रामगढ़।** श्री श्री 1008 पंच दिवसीय शिव शक्ति सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को सांडी कांटी फैक्ट्री स्थित शिव नगर कॉलोनी में भूमि पूजन किया गया। मौके पर आचार्य राकेश कुमार पांडेय और पुरुषोत्तम पांडेय ने भूमि पूजन में बैठे यजमान हरिनंदन चौधरी, रामदेव यादव, राजू चौधरी सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। जबकि महावीरी झंडे के पूजन पश्चात नगर भ्रमण किया गया। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ कॉलोनी से निकलकर सांडी चौंक, जीवन रेखा अस्पताल, टूटी झरना मोड आदि स्थान होते हुए पुनः वापस पहुंचकर झंडे का ध्वजारोहण किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि उक्त यज्ञ आगामी 23 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें भक्ति की बयार बहेगी।

### स्नान के बाद श्रद्धालु ने घर पर की पूजा-अर्चना

# कुंभ में स्नान के बाद घर पर पूजा व दान करने से भगवान की कृपा बरसती है : मिथलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कुरूम निवासी पवन कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के प्रयासराज में चल रहे कुंभ मेले में सगम तट पर पवित्र स्नान के लिए गये थे। इस दौरान उन्होंने गांव के अन्य लोगों के साथ प्रयागराज कुंभ के संगम पर स्नान और पूजा अर्चना के साथ साथ अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर मे प्रभु का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। विंध्याचल स्थित माता विंध्यवासिनी देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।। साथ ही वाराणसी घाट पर स्नान एवं पूजन किया। इसके अलावे भद्रकाली मंदिर में भी माता भद्रकाली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। घर लौटने पर उन्होंने ज्योतिषी मिथलेश तिवारी की देखरेख में माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 12 फरवरी को घर पर अपनी पत्नी कविता सिंह, पुत्र अनुभव एवं देव के साथ पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए ज्योतिषी मिथलेश तिवारी ने कहा कि प्रयागराज के संगम तट पर कुंभ में पवित्र स्नान करने के बाद घर पर पूजा अर्चना और दान से विभिन्न तरह के पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि घर के आंगन पर तुलसी माता को जल चढ़ाना चाहिए। भगवान सत्यनारायण, माता लक्ष्मी और चंद्रदेव की पूजा करनी चाहिए। मिथलेश तिवारी ने कहा कि पूजा के उपरांत गरीब और जरूरतमंदों को भोजन करने के साथ साथ वस्त्र दान करना चाहिए। साथ ही गौ माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेना चाहिए। साथ ही पवित्र ग्रंथों रामायण , भगवद गीता , शिव पुराण आदि का पाठ सुनना चाहिए। इसके अलावे मन में श्रद्ध और भक्ति की भावना रखनी चाहिए। कहा कि ऐसा करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है।

# हर गांव को सड़कों से जोड़ने की दिशा में प्रयास जारी : विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पाकरटांड़ प्रखण्ड के क्रूसकेला पंचायत के भेलवाडीह खड़िया टोली और खरवाडीपा के बीच 1020 फिट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक ने कहा कि हर गांव को सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज खड़ियाटोली और खरवाडीपा को पीसीसी पथ से जोड़ने का कार्य किया गया है। यहां एक हजार फिट पीसीसी पथ बन जाने से लोगों को अवागमण में सहुलियत होगी। चार पहिया वाहनें भी आसानी से घर तक पहुंच पाएगी। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं को दूर करने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। आज जिले में बड़ी संख्या् में कालीकरण पथ का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ही सभी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ताकि लोगों को आवागमण में कोई परेशानी न हो। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिप सामरोम पौल तोपनो, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, पंचायत अध्यक्ष पानियल लकड़ा, संगीता देवी, राजकुमार कोइराला, नीला नाग, जुली लुगुन, सुरेश केरकेट्टा, पुनीत डुंगडुंग, कुलदीप केरकेट्टा, अल्बर्टचंद्र कुल्लू, सुनील केरकेट्टा, दिव्या कुल्लू, फिलिसीता डुंगडुंग, सूचित केरकेट्टा, अंजलि टेटे, अलमा केरकेट्टा, एलिस केरकेट्टा, एंजेला सोरेंग आदि उपस्थित थे।

### विधायक के प्रयास से गांवों में बिछ रहा है सड़कों का जाल : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आज विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से सड़कों का जाल बिछ रहा है। महागठबंधन सरकार हर तबके के लोगों को ध्याबन में रखते हुए अनगिनत विकास की योजनाएं धरातल में उतारने का काम किया है। जिसका लाभ लेकर ग्रामीणों की परेशानी भी दूर हुई है।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर जिला मुख्यालय में निकाली गई रैली

**सिमडेगा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती जिला मुख्यालय में बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया , जिसमें प्रभात फेरी निकाली गई , हजारों ८ संख्या में भीड़ थी कार्यक्रम स्थल हरिपुर सिमडेगा में मंदिर का शिलान्यास किया गया जिसका प्रतिनिधित्व इंटरनेशनल प्रचारक रेणु किशोर रांची झारखंड के कर कमलों द्वारा गुरु रविदास की वाणी के साथ पूजा आरती की गई ,आने वाले वर्ष में यहां भव्य दिर का निर्माण किया जाएगा।सत्य गुरु रविदास महाराज जी का वाणी को घर घर पहुंचाने का सिमडेगा के लोगों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से दिनेश भारती, जितनाथ राम विजय राम , योगेंद्र मेहर ,अमित राम, आरती देवी , किरण कुमारी,जोगेंद्र राम, रामप्रसाद , नारायण राम विकास राम मुकेश कुमार ,संजय कुमार , शंकर राम ने अपना विचार व्यक्त किया।

# पेंशनरों के हित में सकारात्मक कदम उठाने की जरुरत : विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कुरडेग प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को पेंशनर समाज की बैठक संघ के सचिव कैलाश राम कैलाश की अध्यक्षता में पेंशनरों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। मौके पर पेंशन समाज के लोगों ने विधायक को अपनी समस्याएं बताई। कई पेंशनरों ने बैंक संबंधी समस्यांएं बताते हुए समस्यांओं का समाधान कराने का आग्रह किया। मौके पर विधायक ने भी पेंशनरों की सभी समस्या ओं को दूर करवाने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं को लेकर वे काफी गंभीर है। पेंशनर हमारें समाज की जड़ें हैं। उन्हों ने कहा कि पेंशनर एकजूट रहें। राज्य सरकार भी पेंशनरों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। विधायक ने कहा कि कई बार पेंशनर जिस कार्यालय में वर्षों कार्य किये रहते हैं। जब खुद का ही कार्य कराने के लिए उन्हें उसी कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है तो अत्यधिक पीड़ा होती है। जिस कुर्सी पर बैठकर कभी वे दूसरों की समस्याओं का निराकरण किया करते थे। अपने कार्य के लिए वहां जाने पर पता चलता है कि उसी कुर्सी पर बैठा दूसरा व्यक्ति उन्हीं का सुनने को तैयार नहीं है। इससे उनके सम्मान को भी ठेस पहुंचती है। इस संबंध में अधिकारियों को निश्चित ही सकारात्मक कदम उठाना चाहिए। बैठक को जोसिमा खाखा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा पेंशनरों की समस्या दूर करने की दिशा में गंभीर है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, अनीता रानी, बीडीसी नीलिमा खाखा, संजय तिर्की, उर्मिला केरकेट्टा आदि पेंशनर समाज के कई लोग मौजूद थे।

## बरवाडीह में बने मॉडल कॉलेज का जांच, कई खामियां मिली

**कोलेबिरा।** प्रखंड के रांची युनिवसिटी की टीम बरवाडीह में बने मॉडल कॉलेज की जांच किया। जांच कई खामियां पायी गयी। बताया जाता है कि मॉडल कॉलेज भवन के संवेदक ने भवन हैंडओवर करने की गुहार लगायी जा रही थी।इसको लेकर मॉडल कॉलेज भवन की जांच के लिए रांची यूनिवर्सिटी से एक जांच टीम मॉडल कॉलेज बरवाडी पहुंची। तथा सभी बिदुओ पर जांच किया। जांच में कोलेबिरा मॉडल कॉलेज में कई खामियां देखने को मिली। जिसमे मॉडल कॉलेज तो बना दिया गया, करोड़ों रुपए से बनी कॉलेज में एप्रोच रोड नही है।इस प्रकार मॉडल कॉलेज के अंदर भी कई कमियां पायी गयी. मॉडल कॉलेज के अंदर में प्रयोगशाला में पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। इस पर प्रकार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन की भी व्यवस्था कॉलेज में नहीं है।रांची यूनिवर्सिटी से आयी टीम में शामिल अधिकारियों ने कमियों को देखने के बाद उसके समाधान की दिशा में कार्रवाई कराने की बात कही. जांच टीम में वाइस चांसलर डॉ अजीत कुमार सिन्हा, फाइनेंशियल एडवाइजर अजय कुमार, मुकुंद मेहता, डॉ गुरुचरण साहू, मौडल कॉलेज कॉर्डिनेटर डॉ रामकुमार प्रसाद शामिल थे।

## महाबुआंग मोड के समीप वहान जांच अभियान चलाया



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के महाबुआंग मोड के समीप वहान जांच अभियान चलाया। बानो थाना के ए एस आई जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में दो पहिया चार पहिए वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी। वही अभियान ड्रंक एंड ड्राइव की जांच मशीन से किया। इस दौरान बिना हेलमेट पहनने वाले लोगों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा दोबारा पकड़े जाने पर कडी कारवाई करने की चेतावनी दी गयी। ए एस आई जितेंद्र वर्मा ने लोगों को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने की हिदायत दिया गया। पकडे जाने पर कारवाई करने की चेतावनी दिया गया। अभियान को सफल बनाने मे पुलिस बल के जवानो ने सहयोग किया।

## पशुपालन कार्यालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत किया गया बकरी का वितरण

**बानो।** पशुपालन कार्यालय परिसर मे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरा बकरी वितरण शिवीर का आयोजन किया जिसमे अमर जागृति केंद्र के दारा 25 लाभुको के एक बीच बकरा चार बकरी का वितरण किया गया। टब व दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप मे पशुपालन पदाधिकारी दुलमु बिडहुली व मुखिया बेडाइरगी पंचायत के हेलेना कडुंलना उपस्थित थे। इस अवसर पशुपालन पदाधिकारी दुलमु बिडहुली ने कहा कि मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के तहत किसानो के आय मे बढोतरी करने व आर्थिक स्थिति मजबुत बनने के लिए एक बकरा चार बकरी का वितरण किया गया। उन्होने पशुपालको को बकरा बकरी के देखभाल के बारे जानकारी दिया। इस अवसर पर अजित कुमार, अमर कुमार, रवि नायक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जैन मुनि प्रांजल सागर आज पहुंचेंगे कोडरमा

**झुमरी तिलैया ।** जैन समाज के लिए 13 फरवरी का दिन ऐतिहासिक दिन होगा। कोडरमा के लाल अपने ब्रह्मचर्य दीक्षा के 14 वर्षों के बाद जैन मुनि प्रांजल सागर बनकर अपने गृह क्षेत्र झुमरी तिलैया में दीक्षा गुरु आचार्य विनिश्चय सागर के साथ पहुंचेंगे, जो इस समय मधुबन से पैदल यात्रा पर हैं। जैन समाज के पदाधिकारी और श्रद्धालु भक्तजन ने मधुबन जाकर गुरुदेव को श्रीफल अर्पित कर कोडरमा शहर आने का किया निवेदन किया था। आचार्य विनिश्चय सागर जी गुरुदेव पानी टंकी रोड झुमरीतिलैया में जन्म लिए।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित चार शिक्षकों को दी गई विदाई

# शिक्षक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें : अरूण

### शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षक शिक्षिकाएं बेहतर तरीके से बच्चों को पढ़ाएं। अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे



**नवीन मेल संवाददाता। बान** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित चार सहायक अध्यापक शिक्षकों और एक अनुसेवक का समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बसंत सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय सिजांग के सहायक अध्यापक अबनेजर बडींग, राजकीय प्राथमिक विद्यालय एल्ला के फिरमोहन राय बड़ाइक, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकेतुंगा के बेरनार्ड सुरिन, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के ग्लेडसन तोपनो व बीआरसी के अनुसेवक रामबाबू सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्ति प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,सहायक अध्यापकों और अनुसेवक को माला पहनकर और बुके देकर सम्मानित किया वहीं कार्यक्रम में नये प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार पाण्डेय का शिक्षकों ने माला पहनकर और बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए अनुभवों को साझा करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका गण बेहतर तरीके से बच्चों को पढ़ाएं। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का साथ मिला। बानो के शिक्षक शिक्षिकाएं अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। वहीं नये शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय ने कहा कि बानो में शिक्षा की गति को आगे बढ़ाया जाएगा उन्होंने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाएं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक शिक्षिकाओं और पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बानो के बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का प्रयास किया जाएगा। स्वागत भाषण मंजू एरिका कंडुलना ने देते हुए कहा कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सहायक अध्यापकों और अनुसेवकों के कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता।

# कुरडेग भिखारिएट काथलिक सभा का मिलन समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कुरडेग भिखारिएट काथलिक सभा के द्वारा खालीजोर स्थित बगई नदी में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर काथलिक सभा की मजबूती पर चर्चा की गई। मिलन सारोह में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा भी जिप सदस्य सह काथलिक महिला संघ की सभानेत्री जोसिमा खाखा उपस्थित हुए। विधायक ने काथलिक सभा के लोगों को समाज में फैली बुराईओं को दूर करने के लिए भी पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी शिक्षा की कमी है। नशापान जैसी बुराईयां समाज के विकास में बाधा बनी हुई है। इसे दूर करने की जरुरत है। विधायक कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में काथलिक सभा के लोगों की अहम भूमिका होगी। मौके पर कुरडेग भिखारिएट के डीन फादर सुनील कुमार तिर्की,फादर जेम्स लकड़ा, फादर पीटर जोजो, फादर पैतृक बाड़ा, काथलिक सभा के अध्यक्ष पीटर खाखा, उपाध्यक्ष डेविड तिर्की, सचिव प्रवीण बघवार,कोषाध्यक्ष प्रमोद किंडो, जेफरेन केरकेट्टा तेलेस्फोर टोप्पो, देवनिस खलखो, मुंश खेस, संजय तिर्की, उर्मिला केरकेट्टा, कुरडेग भिखारिएट के सभी पल्ली के अध्यक्ष एवं पूरे भिखारिएट के समिति और चर्च के पदाधिकारी और गण्यमान्य लोग उपस्थित।

# माघ पूर्णिमा के मौके पर रामरेखा धाम में श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में किया स्नान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री रामरेखा धाम में आये श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान कर पवित्र गुफा में देवी देवताओं के विग्रहों का दर्शन पूजन किये और संतों का आशीर्वाद लिया।संतों ने भक्तों को आशीर्वाद दे माघ पूर्णिमा के पवित्र स्नान कर देव दर्शन के महत्त्व को बताया की आज का पवित्र दिन भगवान विष्णु का दिन है आज पापी रूपी देत्यों का नाश कर धरती को पाप मुक्त किये थे।आज स्नान दान और देव दर्शन से सभी मनोकामना पूर्ण होती है।संतों ने श्री रामरेखा धाम के महात्मय की जानकारी दी तत्पश्चात भक्तों ने धाम परिषर में लगे मेले का आनंद उठाया। कार्तिक पूर्णिमा मेले की तरह ही प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा में भी बृहत धार्मिक अनुष्ठान सह मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें पडोसी राज्यों सहित अन्य जगहों से हजारों श्रद्धालु आते हैं। अधिवास के बाद शुरू हुआ अखंड कीर्तन कल सुबह समाप्त होगी और हवन पूणाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है।

### झिरकामुंडा में लगे मेले का किया गया उद्घाटन

# मनोरंजन के साथ-साथ उत्सव एवं परेशानी दूर करने का अवसर देता है मेला : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि मेला मनोरंजन के साथ साथ गांव के व्यापार और एक दूसरे के सुख दुख का आदान-प्रदान भी कराता है। मेला हमें मनोरंजन करने, अपनी परेशानियों को दूर करने एवं उत्सव मनाने का अवसर देता है। किसान मेला से जरूरी चीजें खरीदते हैं। महिलाएं कपड़े, बर्तन और घर के उपयोगी सामान खरीदती हैं। मेला में जरूरत का हर सामान एक ही जगह मिल जाता है। विधायक बुधवार को कुरडेग प्रखंड के झिरकामुंडा में मेला के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने फीता काट कर मेला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मेला सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, एक दूसरे दूसरे से मिलने, दुख-सुख बांटने का बेहतरीन अवसर देता है। मेले में मिलने वाली ताजगी, मिलनसार माहौल और एक दूसरे से परिचित होने का अवसर लोगों को एक दूसरे की ओर खींचता है। मौके पर मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, जिला प्रवक्ता रणधीर सिंह नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन, एजाज अहमद, जिला सचिव दीपक जयसवाल, बिजय एक्का, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि विनोद दास,प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन एक्का मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस्स, शीतल तिर्की, बशीर आंसरी, प्रखंड प्रवक्ता शमीम अंसारी,संजय तिर्की उर्मिला केरकेट्टा, राम किशुन प्रसाद,डा. इम्तियाज हुसैन आदि कुरडेग कांग्रेस पार्टी के सभी विंग के सम्मानित पदाधिकारी और कर्मठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**सिमडेगा।** सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के अर्जुनटोली के पास हुई. मृतक की पहचान अर्जुन टोली निवासी विनय केरकेट्टा के रूप में की गई है. वहीं घायल अंकित केरकेटा और किशोर केरकेटा भी अर्जुन टोली के हैं. मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक बाइक से बाजार से अपने घर अर्जुनटोली लौट रहे थे. इसी क्रम में अर्जुनटोली मोड़ के समीप कार से सीधी भिड़ंत हो गई. बताया जाता है कि इस घटना में विनय केरकेट्टा की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि अंकित और किशोर गंभीर रुप से घायल हो गए. दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया. जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है. वहीं सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और अग्रतर कार्रवाई में जुट गई.

### विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में 10वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

# संस्कार एवं राष्ट्र के प्रति जवाबदेही को न भूलें : प्राचार्य





**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** विवेकानन्द शिशु / विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में कक्षा-दशम के छात्र छात्राओं के विदाई के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। आशीर्वाद समारोह के मुख्य अतिथि प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रांत हित रक्षा प्रमुख राजेंद्र बड़ाईक एवं जिला निरीक्षक-दीनबंधु सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पार्चन सह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। मंच पर विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सचिव सह प्रांत सह मंत्री राजेश कुमार अग्रवाल, सह सचिव रिक्की अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार कोठारी एवं विद्यालय किशोर भारती के अध्यक्ष भैया अजित साहू उपस्थित थे ।दीनबंधु सिंह ने संत रविदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए दशम के भैया - बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की राजेश कुमार अग्रवाल ने भी भैया बहनों को बेहतर तैयारी करते हुए परीक्षा देने और अच्छा परीक्षाफल के लिए मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र दुबे ने भैया -बहनों के उज्ज्वल भविष्य हेतु सफलता के कई मंत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बच्चे जहां भी जाएं अपनी संस्कृति, परम्परा, संस्कार एवं राष्ट्र के प्रति जवाबदेही को न भूलें। आगे चल कर अपना, अपने माता-पिता,गुरुजनों, विद्यालय एवं देश का नाम रौशन करें। अष्टम एवं नवम के भैया - बहनों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुती की गई ।षष्ठ की बहनों द्वारा सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया गया । दशम के भैया - बहनों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार दिया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने भैया - बहनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालनआचार्य सुदर्शन कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू, अचार्य अर्जुन महतो, सुदर्शन कुमार, जागेश्वर सिंह, गणेश सिंह, प्यमुना कुमारी, -प्रगति कुमारी, दीक्षित कुमारी, निशि कुल्लू, रश्मि प्रधान, सुनीति कुमारी एवं रेखा देवी उपस्थित थे।

## सिमड़ेगा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया संत रविदास जयंती

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में मनाया गया संत रविदास जयंती ।वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में संत रविदास जयंती मनाया गया । प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र कुमार पाठक जी ने विद्यालय की वंदना सभा में संत रविदास जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास जी के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके कहे गए उद्धरण को भैया-बहनों के सामने रखते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा । कार्यक्रम के अवसर पर आचार्य श्री आशीष बड़ाईक जी और आचार्य श्री बिरेन्द्रनाथ मिश्रा जी ने भी उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालें । इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य और भैया-बहन उपस्थित थे ।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई मां बाघचंडी मंदिर में तीन दिवस हरि कीर्तन

*कलश यात्रा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। यहां लोगों के बीच खीर व खिचड़ी का वितरण किया*



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के कल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी मंदिर का स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम बुधवार को कलश यात्रा कार्यक्रम के साथ आरंभ किया गया। कलश यात्रा विभन्न प्रखंड, जिला व प्रदेश से आये लगभग 5001 महिलाएं शामिल हुए।इसके बाद कलश यात्रा विभिन्न मार्ग होते हुए देव नदी पहुंची।जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर गया।पुरोहित पवन शर्मा व प्रदीप पंडा ने विधि विधान से पुजा संपन्ना कराया।इसके बाद कलश यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल पहुंची यहां पर कलश की स्थापना किया गया। यजमान के रूप पंचम सिंह सह पत्नी व तारकेश्वर सिंह सह पत्नी शामिल हुए।इस दौरान मंदिर परिसर मां बाघचंडी,मां जगदम्बा के जयकारो से गुंजयमान रहा। कलश यात्रा के प्रसाद का वितरण किया।यहां लोगो के बीच खीर व खिचडी का वितरण किया गया।13 फरवरी को अखंड हरी कीर्तन सह यज्ञ नामकरण कार्यक्रम के साथ आरम्भ किया जाएगा। 14 फरवरी को नगर भ्रमण और पूणाहुति कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर तारकेश्वर सिंह, भोला साहु,प्रमोद साव, मोतीलाल साहु, सुनील साह हरिश सिंह, कुलेश सिंह, रंजीत सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। बजरंग दल व विश्व हिंदु परिषद के सदस्यों ने कोलेबिरा से कल्हाटोली मां बाघचंडी मंदिर तक बाइक जुलुस निकाली गयी।बजरंग दल व विश्व हिंदु परिषद के सदस्य हाथ मे झंडा लेकर माता का जयकारा लगाते हुए कोलेबिरा से मंदिर परिसर होते हुए देवनदी पहुंची। यहां श्रदालुओं के बीच पानी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर धनंजय झा,प्रवीण कुमार,अर्जुन कुमार, मैनू, पवन पांडा, नीरज कुमार,स्थानीय समाजसेवीगण, कोलेबिरा, लचरागढ़, बरसलोया और प्रखंड क्षेत्र के कई लोग शामिल थे।

## :तेज रफ्तार कार ने चार लोगों को रौंदा, खड़ी दो कारों में भी मारी टक्कर

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के उपर कुल्ली के पास तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला. यहां एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर मारकर भागने के दौरान कार ने सड़क पर पैदल चल रहे चार राहगीरों को धक्का मार दिया. इस में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है. इतने में भी कार नहीं रूकी और सड़क किनारे खड़ी दो कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी. इधर घटना के बाद सभी घायलों को झरिया के एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया. जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में रेफर किया गया. घटना में घायल ऊपर कुली निवासी मोहम्मद मंजूर का 12 वर्षीय पुत्र बिट्टू गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है.

### बरही एसडीपीओ को मिली प्रोन्नति, पुलिस ने दी शुभकामनाएं, कहा

# बढ़ी हुई जिम्मेवारियों को निष्ठापूर्वक निभाऊंगा : एसडीपीओ अजीत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को सीनियर पुलिस उपाधीक्षक के रूप में प्रोन्नति दी गई है. उक्त निर्देश गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार ने जारी किया है. इस निर्देश पत्र में राज्य के कुल 30 एसडीपीओ के प्रोन्नति की सूची जारी किए गए है. इसके साथ ही डीएसपी बरही अब सीनियर डीएपी के रूप में जाने जायेगे. एसडीपीओ के इस प्रोन्नति पर इनपेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, सर्किल इंपेक्टर चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश आदि सहित बरही थाना, एसडीपीओ कार्यालय के कर्मियों और अधिकारियो सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है. एसडीपीओ श्री बिमल ने कहा कि नए पद के साथ उनकी जिम्मेवारियां और अधिक बढ़ीं है, जिसे वह हर संभव पूरे निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे. विदित हो कि पिछले कई सप्ताह से एसडीपीओ श्री बिमल का अफीम तस्कर और खेती के खिलाफ चलाया जा रहे अभियान काफी चर्चा में है. जिसकी चारो ओर प्रशंसा हो रही है.

## जमशेदपुर पुलिस ने हथियार व गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने हथियार और गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टेल्को थाना पुलिस ने थीम पार्क के पास से युवक करमू मानकी उर्फ करण माझी को सोमवार की रात दबोचा. यह जानकारी एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि गश्ती पर निकली पुलिस टीम जब हुडको से थीम पार्क की ओर बढ़ रही थी, तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा. संदेह होने पर पुलिस ने उसे पीछा कर पकड़ लिया. गिरफ्तार युवक करमू मानकी उर्फ करण माझी घाटशिला के घाटीडूबा का रहने वाला है. तलाशी में उसके पास से एक देसी सिक्सर, दो जिंदा कारतूस व 1.865 किलो गांजा बरामद किया गया.

# पोटका में विददिरि झंडा दिवस की धूम, महिलाओं ने नृत्य से बांधा समा



**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के 300 आदिवासी भूमिज बहुल गांवों में बुधवार को विददिरि झंडा दिवस धूमधाम से मनाया गया. भूमिज समाज के लोगों ने साल पेड़ की पूजा की और मरांग बुरू से समाज के सशक्तिकरण व समृद्धि की कामना की. समाज की महिलाओं ने धमसा की थाप पर खूबसूरत नृत्य प्रेश कर सभी को मुग्ध कर दिया. मुख्य समारोह जादूगोड़ा से सटे सोहदा फुटबॉल मैदान में हुआ. गांव के नाया विकेश्वर सिंह, देवरी उदय भूमिज, सिधेश्वर सरदार, जयपाल सिंह की अगुवाई में भूमिज समाज की पहचान विददिरि झंडा फहराया गया और उसकी पूजा-अर्चना की गई. वक्ताओं ने विददिरि झंडा दिवस के इतिहास व उसकी महता पर प्रकाश डाला. सिधेश्वर सरदार ने कहा कि 12 फरवरी 2012 को तत्कालीन राष्ट्रपति ने पूरे देश के भूमिज समाज की पहचान के लिए विददिरि झंडा की मान्यता दी थी. जिसकी खुशी में हर साल पोटका के आदिवासी भूमिज समाज की ओर 12 फरवरी को विददिरि झंडा दिवस मनाया जाता है.

## एमओ ने की जनवितरण प्रणाली दुकान की जांच

**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के तहत चरघरा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित राशन दुकान की मंगलवार को आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) सुरेंद्र कुमार ने जांच की। जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं। एमओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि डीलर की लापरवाही सामने आई है, क्योंकि 15 कार्डधारियों का अंगूठा नहीं लिया गया, जिससे उन्हें राशन नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजी जाएगी, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## कुंभ जाने वाले यात्रियों ने रेल पर किया पथराव, शीशा फूटा



**गिरिडीह।** बुधवार को चलने वाली ट्रेन गोड्डा दिल्ली ट्रेन जमुआ स्टेशन पहुंचते ही प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए जाने वाले यात्री जमुआ स्टेशन में दिल्ली गोड्डा ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों ने किया पथराव कर शीशा तोड़ दिया. परीक्षा के लिए दिल्ली जा रहे एक दिव्यांग और एक छात्रा ट्रेन में नहीं जा पाने के कारण पटरी पर जाकर रेल को रोका. इस दौरान सैकड़ों यात्री पटरी पर आ गए. जमुआ पुलिस सूचना पर पहुंची. रेल पटरी से लोगों को हटाया तब रेल यहां से आगे बढ़ी. बता दें कि बुधवार को रेलवे स्टेशन जमुआ में प्रयागराज जाने वाले हजारों यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी. ट्रेन के जमुआ स्टेशन पहुंचने के पूर्व ही सभी डिब्बे में खचाखच भरा हुआ था. इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए गेट नहीं खोला गया. गुस्साए यात्रियों ने पत्थर से पीटकर और शीशा तोड़कर गेट खोला. बतादें पूर्व से ही भरा हुआ डिब्बे में किसी तरह से कुछ लोग चढ़े. वहीं कुछ लोगों के बोगी में चढ़ने के बाद उनके परिजन किसी तरह खींचकर निकाला और राहत का सांस लिया. ट्रेन में नहीं जा पाने के कारण स्टेशन से हजारों यात्री वापस लौटे.

## गौवंश की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया



**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, राँची शाखा द्वारा दिनांक 11.02.2025, दिन रविवार, प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित राँची गौशाला न्यास में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे सदस्यों एवं उनके परिवार वालो ने ताजा पालक, रोटी और गुड खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गौ सेवा प्रभारी युवा विशाल महलका एवं युवा उज्जवल मुरारका थे। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे मंच के शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल , सचिव सोनित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, युवा अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सिरमाटांड़ में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई




**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के सिरमाटांड़ गांव में बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन के साथ हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके समाज सुधारक विचारों और दलित-पिछड़े समाज के उत्थान में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने युवाओं से संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें बच्चों ने गीत और नृत्य के माध्यम से समा बांध दिया। इस अवसर पर बिरनी प्रमुख रामु बैठा, पश्चिमी जॉन जिला परिषद सदस्या प्रतिनिधि सिताराम पासवान, रज्जाक अंसारी, हरिहर दास, भीखन दास, सरजू दास, सोभरन दास, उमेश दास, रमेश दास, नागेश्वर दास, मुन्ना दास, जागेश्वर दास, रंजीत दास, सिकंदर दास, गोपाल दास, गोविंद दास, संदीप दास, प्रकाश दास समेत सैकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने समाज में समानता, भाईचारे और जाति-विहीन समाज की स्थापना का संदेश दिया। उन्होंने दलित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने लोगों को एकता और प्रेम के सूत्र में बांधने का काम किया, इसलिए हमें भी उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# खनिजों का परिवहन सुनिश्चित करने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

*हा मोहून जी 00मोहून जी हा00000मोहून जी हा मोहून जी 00मोहून जी हा00000मोहून जी हा*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजों का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## दो मुखिया मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रशिक्षण के लिए चयनित





**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है कि मुखिया रागिनी सिन्हा पेशम पंचायत और मुखिया अभय रॉय खरखरी पंचायत को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बौद्ध गया में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है। यह प्रशिक्षण 11 फरवरी से 16 फरवरी तक चलेगा, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों को प्रबंधन, नेतृत्व और विकास कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों की दक्षता बढ़ेगी और विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। मुखिया रागिनी सिन्हा पहले भी अपने पंचायत में सफाई अभियान, हैंडपंप मरम्मत और स्कूलों में स्वच्छता को लेकर सक्रिय रही हैं। वहीं, अभय रॉय भी पंचायत के विकास कार्यों में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। यह प्रशिक्षण बिरनी प्रखंड के लिए गर्व की बात है और उम्मीद है कि दोनों मुखिया यहां से सीखी गई चीजों को अपने-अपने पंचायतों में लागू करेंगे।

## आईआईटी-आईएसएम में क्रिप्टोग्राफी व नेटवर्क सुरक्षा पर 8 दिनी बूट कैंप शुरू

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम, धनबाद में उभरते तकनीकी विशेषज्ञों को क्रिप्टोग्राफी व नेटवर्क सुरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए बुधवार को बूट कैंप शुरू हुआ. इस 8 दिवसीय कैंप में देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के करीब 65 उभरते तकनीकी विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित यह कैंप 19 फरवरी तक चलेगा. यह बूट कैंप सूचना सुरक्षा शिक्षा व जागरूकता (क्रएअ) परियोजना के फेज-तीन का हिस्सा है. जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की क्षमता प्रदान करना है. मुख्य अतिथि कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रो. चिरंजीव कुमार ने क्रिप्टोग्राफी व नेटवर्क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल के बारे में भी बताएगा. कार्यक्रम बूट कैंप का पाठ्यक्रम एप्लिकेशन-लेवल, सिस्टम-लेवल और नेटवर्क-लेवल सुरक्षा पर केंद्रित है. चार दिन क्रिप्टोग्राफी पर और चार दिन नेटवर्क सुरक्षा पर जानकारी दी जाएगी. इसमें प्रतिभागियों को एन्क्रिप्शन और डीक्रिप्शन तकनीकों को सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों में लागू करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. आईआईटी-आईएसएम के एसोसिएट प्रोफेसर सचिन त्रिपाठी ने साइबर सुरक्षा शिक्षा को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों व आगामी फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम में विशेषज्ञ शिक्षकों के रूप में प्रो. धरावत रमेश, प्रो. अरूप कुमार पाल व प्रो. हरिओम शामिल थे. साथ ही दीप नारायण दास, देवेंद्र मणि त्रिपाठी व राजेश मिश्रा ने सहयोगी की भूमिका निभाई.

## फुसरो के फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ने से पहले स्थायी जगह दें : संघ

**फुसरो।** बेरमो के फुसरो बाजार के फुटपाथ दुकानदारों को इन दिनों अतिक्रमण हटाओ अभियान के बुल्डोजर का भय सता रहा है. उनका पूरा परिवार डरा-सहमा है. युवा व्यवसायी संघ के बैनर तले फुटपाथ दुकानदार अपने परिवार के साथ मंगलवार को फुसरो नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया. साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. कहा कि दुकान उजाड़ने से पहले दूसरी जगह स्थायी दुकान देने की व्यवस्था की जाए. नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि उजाड़ने जैसी कोई बात नहीं है. कुछ लोगों ने अफवाह फैलाई है. इस मसले को मिल बैठकर सुलझाया जाएगा. ऐसे लोगों को कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कोई बात नहीं है।

### गिरिडीह जिले के तिसरी में सबसे अधिक फाइलेरिया का केस, डॉ. देवव्रत ने कहा

# स्वास्थ्य कर्मियों और युवाओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में सबसे अधिक फाइलेरिया केस मिलने के बाद बुधवार को स्वाथ्य विभाग की केंद्रीय टीम तिसरी पहुंची। जिले में सबसे अधिक तिसरी प्रखंड के भंडारी में फाइलेरिया के 9 केस और चंदौरी में 10 केस मिले हैं। जिसके कारण केंद्रीय टीम ने इन क्षेत्रों का दौरा किया। टीम में डॉ. जयंती सिंह, पिरामल फाउंडेशन से विकास सिन्हा, अविनाश कात्यायन, नीरज कुमार, एडमिन कुनाल,जिला स्वास्थ्य टीम से डीएमओ , वीबीडी कंसल्टेंट, डीए एवं डीए सुपरवाइजर शामिल थे। इसको लेकर दोनों पंचायतों के मुखियाओं से बैठक कर सहिया, सेविका, एसएचजी महिलाओं और युवाओं को जोड़कर फाइलेरिया उन्मूलन पर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवव्रत समेत अन्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पिछले तीन वर्षों के एमडीए राउंड और एनबीएस डेटा का मूल्यांकन, विभिन्न विभागों की भूमिका पर चर्चा,एमएफ पॉजिटिव मामलों और दवा वितरण की समीक्षा की गई। साथ ही डीए सुपरवाइजर को प्रतिदिन 3 डीए और प्रति डीए 3झ3 घरों का भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामुदायिक भागीदारी, विभागीय समन्वय और सघन निगरानी पर जोर देते हुए बताया गया कि एमडीए राउंड की सफलता के लिए पीआरआई, स्वास्थ्य कर्मियों और युवाओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

# सरकार लोगों से किए गए वादे पूरा करने में विफल : डॉ रवीन्द्र कुमार राय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह गांवा** झारखंड की वर्तमान सरकार लोगों से किये गये वादा को पूरा करने में विफल सिद्ध हो रही हैं। उक्त बातें भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवीन्द्र कुमार राय ने कही। वे बुधवार को पिहरा, खेरडा, मानपुर, माल्डा आदि स्थानों में भ्रमण के बाद पत्रकारों से बात करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना के लाभुकों को 2500 दिया जा रहा है जबकि विधवा व वृद्ध लोगों को मात्र 1000 रुपए पेंशन दिया जा रहा है जो सरासर अन्याय है। सरकार को इसमें एकरूपता लानी चाहिए। ऐसा नहीं लगे कि मइया सम्मान योजना के लाभुक अपने को सौभाग्यशाली व विधवा व वृद्ध अपने को दुर्भाग्यशाली समझें। इससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को संवेदनशील मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। आरइओ, पीडब्ल्यूडी आदि के द्वारा सड़कों का निर्माण व मरम्मती लगभग बंद है। विकास योजनाएं ठहर सी गई है। सड़कों का व्यापक निर्माण तो भाजपा के शासनकाल में कर दिया गया था। वर्तमान सरकार इसकी मरम्मत ही करवा दें तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से शिक्षण व्यवस्था चरमरा गई है। वर्ष 16-17 के बाद विद्यालयों में नियुक्तियां नहीं हो पायी है। कहा कि सरकार को कृषि के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर काम करना चाहिए। सभी पुराने तालाब चाहे निजी हों या सार्वजनिक उसका जीणोर्धार किया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में आवश्यकतानुसार नहर का निर्माण संभव नहीं है यहां तालाब ही एकमात्र विकल्प है अतः किसानों को हित को ध्यान में रखते हुए तालाब का निर्माण करवाना चाहिए। मौके पर योगेन्द्र प्रसाद, विजय सिंह, कृष्णा चौधरी, रामदेव सिंह, पिन्टु साव समेत कई उपस्थित थे।

## कुंभा टोली में मनी संत रविदास जयंती, दिनभर हुए कई कार्यक्रम

**चाईबासा।** चक्रधरपुर के कुंभा टोली में बुधवार को संत रविदास की जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई. इस अवसर पर दिनभर कार्यक्रम चलता रहा. सुबह मंदिर प्रांगण में संत रविदास की प्रतिमा व तस्वीर रखकर पूजाझअर्चना की गई. कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई भी शरीक हुए. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपनी अमृतवाणी से समाज में ऊंच-नीच की फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया. हमें भी मिलजुलकर आपसी भाईचारगी का संदेश देना चाहिए. समाज के बाबा निर्मल राम महंत जी व चाईबासा के महंत मनोज राम रवि ने संत रविदास की जीवनी का उल्लेख करते हुए मीराबाई के बारे में भी प्रकाश डाला. इस अवसर पर बच्चों व बड़ों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया. पूजाझअर्चना के बाद लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया. देर शाम शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

### गावां में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

# निकाली गई बाइक रैली, रविदास मंदिर में चित्र पर किया गया पुष्पर्पित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रैदास महाराज की 648वीं जयंती सेरुआ और माल्डा में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर सेरुआ गांव से गावां बाजार व माल्डा बाजार में बाइक रैली निकाली। रैली सेरुआ से निकलकर मुख्य मार्ग से होती हुई फिर गावां बाजार आकर समाप्त हुई। इस दौरान संत रविदास की प्रतिमा का पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम माल्डा रविदास मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि जब-जब समाज पर अत्याचार हुए हैं तब संत रविदास, कबीर दास जैसे संतों का समाज के उद्धारों के लिए जन्म होता रहा है। सभा के अध्यक्ष मोहन रविदास ने कहा कि गुरु रैदास को रोहिदास और रूहिदास के नाम से भी जाना जाता है। गुरु रविदास भक्ति आंदोलन के एक प्रसिद्ध संत थे। उनके भक्ति गीतों और छंदों ने भक्ति आंदोलन पर स्थायी प्रभाव डाला है। समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ी। बताया कि 1376 में माघी पूर्णिमा को संत रविदास काशी में पैदा हुए। उनके दर्शन से गुरु गोरखनाथ, काशी के राजा वीर सिंह, अलाउद्दीन खिलजी, राजा सिकन्दर लोदी प्रभावित हुए। मौके पर मुखिया गुरुसहाय रविदास, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रणधीर चौधरी, लोकनाथ दास, बबलू दास, राजू दास, लिलो दास, दिलीप दास, बजरंगी दास, गुड्डू दास, संजय दास, गिरधारी रविदास, सुरेश रविदास, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## जेईई मेन-1 में डीपीएस बोकारो के 50 विद्यार्थियों को 90 परसेंटाइल से अधिक अंक

**बोकारो।** एनटीए की ओर से आयोजित जेईई मेन (प्रथम सत्र) की परीक्षा में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने फिर बाजी मारी है. स्कूल के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक लाकर सफलता पाई है. आरुष बनर्जी 99.76 परसेंटाइल अंक के साथ स्कूल टॉपर बने हैं. वहीं, प्रिंस कुमार पांडेय 99.65 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे व सैय्यद असदुल्लाह 99.33 पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे.बेहतर अंक लाने वाले विद्यार्थियों में उज्जवल सिंह (99.20 परसेंटाइल), अपूर्व झा (98.99), अक्षित (98.86), अभिनव राज (98.79), आकर्ष दुबे (98.66), हर्षवर्धन (98.65), रितेश कुमार महतो (98.62), ख्याति सिन्हा (98.60), अभिनीत शरण (98.05), नितिन कुमार सिंह (97.93), आदित्य शर्मा (97.76), शीर्ष पाठक (97.29), अभिनव कश्यप (97.23), सुमित कुमार झा (93.28), अनुपम शर्मा (93.07), आयुष कुमार (92.75), सुदर्शन आरोही (92.10), अनंत दुबे (92.08), पलक्ष (91.61), उत्कर्ष (91) शामिल हैं. विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी है.

